(ग) लड़के के चेहरे की सरलता से उसकी माँ का हृदय पिघल उठा । उसकी घुंघराली लटों को हाथ से सहलाते हुए आया कहने लगी–"बैरी की आँख में राई–नौन । हाय मेरी मिस साहब, तुम ऐसे आदमी थोड़े ही हो । ..............भूख से मरते हैं । कमीने आदमियों के बच्चे" । कहते कहते आया का गला रुंध गया ।

(घ) माँ तो माँ है, पर लड़की तो सदा लड़की बनी रहेगी नहीं । माँ के मन में वही बात उठकर दर्द दे रही है । आज तो लड़की है, पर एक कल भी तो आ पहुँचने वाला है, जब उसका ब्याह होगा और लोग पूछेंगे, कितना पढ़ी है, क्या जानती है ।

**5.** जैनेन्द्र कुमार **अथवा** यशपाल का साहित्यिक परिचय दीजिए । **5**

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **3×5=15**

(क) 'नई नौकरी' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

(ख) 'ईद का मेला' कहानी की अमीना का चरित्र–चित्रण कीजिए ।



**Roll No. .......................** **Exam Code : J-21**

# Subject Code—52121

## B. A. EXAMINATION

(Main/Re-appear) (Batch 2018 Onwards)

(Third Semester)

HINDI (Elective)

HINE-201 (Paper-A)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks :* 80

**नोट** : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर **10-15** शब्दों में दीजिए : **10×2=20**

(क) शृंगार रस से क्या अभिप्राय है ?

(ख) रीतिकाल की नारी दशा पर प्रकाश डालिए ।

(ग) मिश्र बन्धुओं ने रीतिकाल को अलंकृत काल क्यों कहा ?

(घ) सुमित्रा नन्दन पन्त को प्रकृति का सुकुमार कवि क्यों कहा जाता है ?

(ङ) भारतमाता कविता के प्रतिपाद्य क्या हैं ?

(च) 'अति सूधो सनेह को मार्ग है' पंक्ति में कवि क्या कहना चाहता है ?

(छ) बिहारी की रचना का क्या नाम है तथा उसमें कितने दोहे हैं ?

(ज) ईद का पर्व किस पवित्र महीने के बाद आता है ?

(झ) 'आदमी का बच्चा' कहानी के कोई **दो** उद्देश्य बताइए ।

(ञ) छोटा जादूगर की दो चारित्रिक विशेषताएँ बताइए ।

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **2×5=10**

(क) अबला जीवन हाय तुम्हारी यह कहानी,
आँचल में है दूध और आँखों में पानी ।

(ख) वह इष्ट देव के मन्दिर की पूजा सी
वह दीपशिखा सी शांत भाव में लीन
वह क्रूर काल तांडव की स्मृति रेखा सी
वह टूटे तरु की छूटी लता सी दीन
दलित भारत की विधवा है ।



(ग) नील परिधान बीच सुकुमार खुल रहा मृदुल अधखुला अंग,
खिला हो ज्यों बिजली का फूल मेघवन बिच गुलाबी रंग ।

(घ) छोड़ द्रुमों की मृदु छाया,
तोड़ प्रकृति से माया,
बाले! तेरे बाल जाल में कैसे उलझा दूँ लोचन ?

**3.** जयशंकर प्रसाद **अथवा** रामधारी सिंह दिनकर का साहित्यिक परिचय दीजिए । **5**

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **2×5=10**

(क) बुढ़िया का क्रोध तुरंत स्नेह में बदल गया और स्नेह भी वह नहीं जो प्रगल्भ होता है और अपनी सारी कसक शब्दों में बिखेर देता है । यह मूक स्नेह था, खूब ठोस, रस और स्वाद से भरा हुआ । बच्चे में कितना त्याग, सद्भाव और कितना विवेक है ।

(ख) उसके मुँह पर तिरस्कार की हँसी फूट पड़ी । उसने कहा–"तमाशा देखने नहीं, दिखाने निकला हूँ । कुछ पैसे ले जाऊँगा, तो माँ को पथ्य दूँगा । मुझे शरबत न पिलाकर आपने मेरा खेल देखकर मुझे कुछ दे दिया होता, तो मुझे अधिक प्रसन्नता होती" ।

(ग) 'हामिद अपने चिमटे को 'रुस्तमे हिन्द' कैसे सिद्ध करता है ?

(घ) 'पढ़ाई' कहानी की विशेषताएँ बताइए ।

(ङ) 'दरोगा अमीचंद' कहानी की भाषा पर विचार कीजिए ।

(च) 'छोटा जादूगर' कहानी की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए ।

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : **7**

(क) रीतिकाल के नामकरण के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डालिए ।

(ख) रीतिकाल की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

**8.** निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2×4=8**

(क) रीतिकाल की सामाजिक परिस्थिति पर प्रकाश डालिए ।

(ख) बिहारी की शृंगारिकता पर टिप्पणी लिखिए ।

(ग) रीतिमुक्त काव्य को स्पष्ट कीजिए ।

(घ) रीतिकालीन वीर काव्य पर प्रकाश डालिए ।